<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

जबलपुर। विगत दिवस मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) में दिनांक 28.11.2019 से दिनांक 27.12.2019 तक एक माह का प्रोफेशनल डिग्री कोर्स **''एक्वा–क्लीनिक एवं एक्वा–प्रयोरनशिप डेवलेपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम''** मैनेज (MANAGE) हैदराबाद, तत्वावधान में आयोजित एवं राष्ट्रीय मत्स्यकी विकास बैंक (NFDB) द्वारा पोषित संयुक्त कार्यक्रम माननीय डॉ. पी.डी. जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ, जिसमें डॉ. भारद्वाज, मध्यप्रदेश मत्स्य पालन से डॉ. झरिया, कार्यक्रम के प्रशिक्षण प्रभारी एवं अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. एस.के. महाजन एवं कार्यक्रम संचालक डॉ. सोना दुबे, डॉ. माधुरी शर्मा, श्री शिव मोहन सिंह, प्रतीक कुमार तिवारी, एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्रगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक कुमार तिवारी एवं आभार प्रर्दशन डॉ. सोना दुबे द्वारा किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के कई राज्यों से 45 से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अर्हता के आधार पर चयनित 30 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। महाराष्ट्र, बिहार, गुजराज एवं अन्य प्रमुख राज्यों से अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी,
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल, जबलपुर, (म.प्र.)